हरियाणा की शराब पर राजस्थान का लैबल लगाकर बेचने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने चित्रकूट व श्याम नगर में दबिश देकर आरोपियों को दबोचा

जयपुर (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने चित्रकूट व श्याम नगर इलाके में शराब माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से भारी मात्रा में हरियाणा निर्मित शराब एवं शराब बिक्री के हजारों रुपये सहित परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त किया है। इसके अलावा एक अन्य आरोपी को भी हिरासत में लिया है, जो हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब को राजस्थान राज्य का लेबल प्रिंट कर उपलब्ध कराता था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी ने चित्रकूट और श्याम नगर इलाके में शराब माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए अजय विश्नोई निवासी नन्दपुरी हवा सड़क सोडाला, हेमंत कुमार निवासी गमाना जिला अलीगढ उत्तर प्रदेश हाल भृगु मार्ग वैशाली नगर जयपुर, नवीन कुमार निवासी गभाना जिला अलीगढ उत्तर प्रदेश हाल विद्युत नगर चित्रकूट जयपुर सहित पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हरियाणा निर्मित अवैध महंगी अंग्रेजी शराब व बीयर की लगभग 7 पेटियां, शराब बिक्री के 43 हजार रुपये सहित परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपित हेमंत कुमार से पूछताछ में सामने आया कि वह अपने भाई नवीन व अजय के साथ हरियाणा से शराब मंगवाकर ऊंचे दाम पर ग्राहकों को डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था। हरियाणा से इनके साथी नरेन्द्र अपनी कार से शराब सप्लाई करते थे।

प्रत्येक चक्कर के नरेंद्र को 10 हजार रुपये दिये जाते थे। गिरफ्तार आरोपियों को हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की बोतलों पर राजस्थान का लेबल आरोपित पवन शर्मा द्वारा प्रिन्ट कर उपलब्ध कराना बताया, जिसकी एवज में पवन शर्मा भी रकम लेता था। फिलहाल पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपियों से अवैध शराब के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है।

- आरोपियों के कब्जे से हरियाणा निर्मित शराब की 7 पेटियां और बिक्री के 43 हजार रुपये बरामद

जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने बुधवार को चित्रकूट व श्याम नगर इलाके में तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

जयपुर । रामनगरिया इलाके में सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जांच-अधिकारी एएसआई इंद्राज सिंह ने बताया मृतक कैलाश चंद गुर्जर (21) निवासी गांव कैथुनियां थाना निवाई जिला टोंक का रहने वाला था। वह यहां निजी कंपनी में जॉब करता था और रामपुरा रोड पर किराए से रहता था। घटनाक्रम के अनुसार 24 दिसंबर को अप्रैल पार्क के पास एक कार ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 27 दिसंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं, कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

घर के बाहर खड़ी कार को फूंका

जयपुर (कासं)। प्रताप नगर इलाके में अज्ञात बदमाश घर के बाहर खड़ी कार पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया सन्नी नगर निवासी राकेश जाटव ने रिपोर्ट दी है कि 26 दिसंबर की रात करीब 10:30 बजे उसकी कार घर के बाहर खड़ी हुई थी। इस दौरान अज्ञात दो लड़के आए, जिन्होंने उस कार पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और फरार हो गए।

एसएमएस से निकले डॉक्टर अपने 25 वर्षों का अनुभव साझा करेंगे

जयपुर । सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के 1997 के बैच को 25 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में इस बैच के सभी डॉक्टर जयपुर में इकट्ठा हो रहे हैं। सभी डॉक्टर अब विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं, और वे मिलकर अपने 25 वर्ष के अनुभवों को साझा करेंगे। इससे उनका आपस का ज्ञान और अनुभव बढ़ेगा, और मरीजों के उपचार में सहायता मिलेगी। विदेश से आने वाले डॉक्टर वहां पर काम में ली जाने वाली अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में भी अपने अनुभव साझा करेंगे।

आयोजन कर्ता डॉ अनिल यादव ने बताया कि देश-विदेश से डॉक्टर जयपुर पहुंच गए है। उनके स्वागत के लिए जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के भवन में आज कार्यक्रम रखा गया है। डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि आने वाले मेहमानों में अमेरिका से डॉ रमन बवेजा और डॉ मोहित बंसल और डॉ मनीषा गुप्ता है. कनाडा से डॉ करण ग्रोवर आए है। सिंगापुर से डॉ सारिका आई है। डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न हिस्सों जैसे मुंबई, दिल्ली भोपाल, लखनऊ इत्यादि से भी डॉक्टर आए हैं। अपने प्यारे सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज को देखकर वे सभी भाव विभोर हो उठे। मेडिकल कॉलेज के 1997 के बैच को 25 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में इस बैच के सभी डॉक्टर जयपुर में इकट्ठा हो रहे हैं। सभी डॉक्टर अब विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं, और वे मिलकर अपने 25 वर्ष के अनुभवों को साझा करेंगे। इससे उनका आपस का ज्ञान और अनुभव बढ़ेगा, और मरीजों के उपचार में सहायता मिलेगी। विदेश से आने वाले डॉक्टर वहां पर काम में ली जाने वाली अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में भी अपने अनुभव साझा करेंगे।

चाकू दिखाकर महिला के गले से चेन तोड़कर भाग रहा बदमाश गिरफ्तार

पुलिस कांस्टेबल ने पीछा किया तो बाइक पर नहीं बैठ पाया था चेन स्नैचर, दूसरा साथी फरार हुआ

विद्याधर नगर क्षेत्र में महिला के गले से चेन तोड़कर भाग रहा बदमाश रैलिंग में फंसकर घायल हो गया, तभी वहां मौजूद पुलिस कांस्टेबल ने उसे दबोच लिया।

जयपुर। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने पैदल चलती महिला की चेन तोड़कर भागने और पीछा करने पर चाकू दिखाकर डराने वाले चेन लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तोड़ी हुई चेन भी बरामद कर ली। पुलिस ने महिला को डराने के लिए इस्तेमाल किए गए चाकू को भी बरामद कर लिया। जबकि उसका एक साथी फरार हो गया।

डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए थानाप्रभारी वीरेन्द्र कुरील के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। कांस्टेबल मामराज और मुकेश को गश्त के दौरान रसोई रेस्टोरेंट के सामने एक महिला के चिल्लाने की आवाज आई। इस पर वह मौके पर पहुंचे तो बाइक पर दो व्यक्ति महिला के गले से चेन तोड़कर भाग रहे थे। जब पीड़िता व अन्य लोगों ने उनका पीछा किया तो चाकू दिखाकर डराया। उसी वक्त कांस्टेबल मामराज व मुकेश भी चेन स्नैचर के पीछे दौड़े तो बदमाश बाइक पर नहीं बैठ पाया और पैदल ही डिवाईडर की रेलिंग कूदकर भागने लगा। यह देख कांस्टेबल मुकेश ने बाइक से डिवाइडर के दूसरे तरफ पहुंचकर मौके पर तोड़ी गई चेन समेत आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महिला के गले से तोड़ी गई चेन और वारदात में डराने के लिए इस्तेमाल एक चाकू भी बरामद कर लिया। बदमाश का एक अन्य साथी जो बाइक चला रहा था, मौके से भाग गया, जिसकी तलाश जारी है। आरोपी चेन तोड़कर भागते समय रैलिंग में फंस गया जिससे उसका पैर टूट गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मालवीय नगर, त्रिवेणी चौराहा, रिद्धि सिद्धि, गोपालपुरा बाईपास, शिप्रापथ, दादी का फाटक और मानसरोवर आदि क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक चेन स्नैचिंग की वारदात कबूली हैं।

'पेपर लीक प्रकरण की जांच सीबीआई से हो'

जयपुर । प्रदेश के युवा बेरोजगारों ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच करवाने समेत 15 मांगों को लेकर बुधवार को शहीद स्मारक पर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवा बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग रखी।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में 10 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके है। द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा में भी सिर्फ पहली पारी ही नहीं, बल्कि दूसरी पारी के पेपर को लेकर भी धांधली की शिकायत मिल रही है। ऐसे में पूरी परीक्षा की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) तत्काल लागू करने, फरवरी में होने वाली तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती से पहले सरकार पेपर लीक करने वाले गिरोह के खिलाफ अभियान चलाकर उसे खत्म किए जाने सहित 15 सूत्री मांग सरकार के समक्ष रखी। युवा बेरोजगारों ने कहा कि अगर सरकार ने हमारी मांगे नहीं मानी तो 9 फरवरी से प्रदेशभर में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

- युवा बेरोजगारों ने शहीद स्मारक पर धरना देकर सरकार को विरोध जताया

रंजिश के चलते युवक से मारपीट

जयपुर । वैशाली नगर इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से मारपीट के बाद फायरिंग का मामला सामने आया है। थानाधिकारी शिव नारायण ने बताया ट्रांसपोर्ट नगर निवासी शाहिद (24) और हसनपुरा निवासी मुजम्मिल के बीच पुरानी रंजिश है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ित शाहिद को सोमवार रात करीब 10 बजे इलाके स्थित एससीआर हॉस्पिटल के पास बुलाया गया, जहां आधा दर्जन से अधिक बदमाश बाइक पर आए और उससे मारपीट करने लगा। उसे गंभीर हालत में छोड कर बदमाश फरार हो गए। फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है। हमले में पीड़ित के पैरों में चोटें आई हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

रोज रात जयपुर परकोटे को साफ-सुथरा बनाएंगे मशीनी लश्कर व 80 कर्मचारी

बड़ी चौपड़ से बुधवार रात 9 बजे शुरू हुई रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था, हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर व आयुक्त विश्राम मीणा ने भी लगाई झाड़ू

जयपुर । स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर की रैंकिंग सुधारने के लिए जयपुर हैरिटेज नगर निगम ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था शुरू की है। मेयर मुनेश गुर्जर व कमिश्नर विश्राम मीणा का कहना है कि 80 सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ 4 रोड स्वीपिंग मशीन, 5 हूपर, एक रिफ्यूज कम्पेक्टर, एक जेसीबी व 2 डम्पर का मशीनी लश्कर भी जयपुर परकोटे की सफाई व्यवस्था सुधारेगा।

बड़ी चौपड़ पर बुधवार को इस स्वच्छता मुहिम की शुरूआत हुई। जहां मेयर, कमिश्नर, उपमहापौर, पार्षदों व अधिकारियों ने भी सफाई कर्मचारियों के साथ झाड़ू लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। महापौर मुनेश गुर्जर ने घोषणा की है कि अगर रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था शुरू करने के बाद अगर जयपुर हैरिटेज स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में टॉप-5 में आया तो इन 80 कर्मचारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देंगे। उन्होंने रात में सफाई करने वाले इन कर्मचारियों को गर्म ड्रेस भी वितरित की, ताकि सर्द मौसम में उन्हें कोई परेशानी नहीं हो।

मेयर मुनेश ने कहा कि जयपुर घूमने आने वाले देशी-विदेशी पावणे यहां से स्वच्छ गुलाबी नगरी की अनुभूति लेकर जाएं, यहीं हमारा प्रयास है। शहर सुंदर बनेगा तो यह जयपुर के लिए गौरव की बात होगी। आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी वर्ग भी इस स्वच्छता मुहिम में जुटें। उन्होंने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने के लिए कमिश्नर विश्राम मीणा व उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार की तारीफ की।

हैरिटेज निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि प्रत्येक अफसर व सफाई कर्मचारी का यह भरपूर प्रयास रहेगा कि जयपुर साफ-सुथरा बनें। शहरवासियों को कचरे-गंदगी से निजात मिले।

- स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर हैरिटेज टॉप-5 में आया तो रात्रिकालीन सफाई संभालने वाले 80 कर्मचारियों को मिलेगा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन : मुनेश गुर्जर

जयपुर परकोटे की रात्रिकालीन सफाई के लिए हैरिटेज निगम द्वारा तैयार मशीनी लश्कर।

सूने मकान से प्रॉपर्टी दस्तावेज व जेवर चुराने वाले गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । झोटवाड़ा थाना पुलिस ने शातिर नकबजन गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चुराया हुआ लाखों रुपए का माल और दो बाइक बरामद भी की है। गैंग का सरगना करीब आधा दर्जन मामलों में चालानशुदा है।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि शोयब खान उर्फ शैफूडा मदीना कॉलोनी झोटवाड़ा मदीना कॉलोनी झोटवाड़ा, शाहरूख खान उर्फ मोटा संजय नगर सी झोटवाडड़ और मकसूद खान गणेश कॉलोनी झोटवाड़ा का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में 22 दिसंबर को परिवादी रघुनाथपुरी झोटवाड़ा निवासी मोहम्मद मैराज गौरी ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि 20 दिसंबर को वह जयपुर से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुआ था, 21 दिसंबर को रास्ते में उसे घर पर चोरी की सूचना मिली तो वह जयपुर लौट आया।

यहां पर घर के ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोर घर से जयपुर और झुंझुनूं स्थित प्लॉट के कागज जयपुर स्थित बाबा चौकस की दुकान के असल दस्तावेज, सोने की अंगूठी, ज्वैलरी में चार सोने के गले के सेट, एक रानीहार, एक सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, तीन जोड़ी चांदी की पायजेब समेत अन्य सामान चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत, एसीपी प्रमोद स्वामी और थानाप्रभारी घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए। पूर्व के चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की।

पूर्व के केन्द्रीय कारागृह जयपुर से रिहा बदमाशों पर नजर रखी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर सरगना शोएब खान, शाहरूख और मकसूद खान को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी अव्वल दर्जे के शातिर नकबजन है। जो दिन के समय बंद मकानों की रैकी कर रात के समय नकब से मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है और चुराए हुए माल को बेचकर नशे का शौक पूरा करते हैं।

- झोटवाड़ा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल व दो बाइक बरामद की

सार-समाचार

राज्यपाल को दिया भागवत का न्यौता

जयपुर (कासं)। नए साल के नव संकल्पों को साकार करने के लिए भगवान की कथाओं के माध्यम से जीवन को और भी अधिक सुंदर बनाने के लिए वर्ष का पहला सप्ताह कथाओं के नाम रहेगा। छोटीकाशी के श्रद्धालु कड़ाके की ठंड में कथाओं की गर्माहट का आनंद लेंगे। एक जनवरी को राजधानी में एक दर्जन से अधिक कथाएं होने के आसार है। मुख्य आयोजन उत्तर भारत की प्रमुख वैष्णव पीठ श्री गलता जी की गोदी में बसे मंदिर श्री गीता गायत्री जी में होगा। एक से सात जनवरी तक यहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को गणेश निमंत्रण के बाद प्रदेश के प्रथम नागरिक राज्यपाल कलराज मिश्र को कथा का न्यौता दिया। राज्यपाल ने कथा आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में होने वाली कथा में व्यासपीठ से युवा विद्वान डॉ. प्रशांत शर्मा प्रवचन करेंगे। मंदिर के प्रवक्ता नितीश चतुर्वेदी ने बताया एक जनवरी को सुबह 11 बजे मंदिर श्री रघुनाथ जी मोहनबाड़ी के सामने से गाजे बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। छोटीकाशी के प्रमुख मंदिरों के संत-महंत भागवत पोथी और कलश यात्रा को रवाना करेंगे। महिलाएं कलश स्वरूप तुलसी का पौधा लेकर चलेंगी। राज्यपाल कलराज मिश्र को आमंत्रण देने के दौरान धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय, पं. राजकुमार चतुर्वेदी, ऋतु चतुर्वेदी, डॉ. प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे।

अरूण बगड़िया सहायक प्रांतपाल बने

जयपुर । रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन अरुण बगड़िया को सहायक प्रांत पाल मनोनीत किया गया। रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के सचिव डॉ रोहन गुप्ता ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ निर्मल कुनावत ने रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के वर्तमान अध्यक्ष रो. अरुण बगडिया को सहायक प्रांत पाल मनोनीत किया गया। रो. अरुण बगड़िया के बेहतरीन सेवाकार्यों और डिस्ट्रिक्ट के कार्यों में योगदान को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर प्रांतपाल बलवंत चिराना व नीरज अठावाल जी ने शिरकत की। पूर्व प्रांतपाल एवं पथप्रदर्शक डॉ अशोक गुप्ता ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के सीए राकेश गुप्ता, संजय कौशिक, रवि कामरा, हेमेंद्र शर्मा, हरीश खत्री, पीसी जैन एवं अन्य सदस्यों ने रो. अरुण बगड़िया को सहायक प्रांत पाल मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाईयाँ दी।

राउंड टाउन की कार्यकारिणी घोषित

जयपुर । रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन के वर्ष 2023-24 के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए प्रेसिडेंट के चुनाव क्लब मेंटोर एवं इलेक्शन ऑफिसर डॉ. अशोक गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुए। अध्यक्ष रोटे. सुनील दत्त गोयल ने बताया कि चुनाव में वर्ष 2023-24 के अध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा, 2024-25 के अध्यक्ष देवेश बंसल एवं 2025-26 के लिए अध्यक्ष जय शर्मा निर्वाचित हुए। वर्ष 2023-24 के लिए सचिव डॉ. भवानी शंकर मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट रूपेश चंदेल एवं जसमीत नागर, ट्रेजरर विशाल बंका, क्लब ट्रेनर अजय काला, क्लब एडवाइजर रमेश अठावाल, संयुक्त सचिव पवन शर्मा एवं कमल सामोदिया, डायरेक्टर पब्लिक इमेज मधुरिमा शर्मा, डायरेक्टर आलोक अग्रवाल, डायरेक्टर रोटरी फाउंडेशन मनोज बंसल, सार्जेंट एट आर्म्स शरद मोदी एवं शेखर कुमावत, डायरेक्टर क्लब एडमिनिस्ट्रेशन अनिल शर्मा, डायरेक्टर ठीटिंग्स अनिता धींगरा, डायरेक्टर विंस उषा पुगलिया, डायरेक्टर वोकेशनल सर्विस विक्रम शर्मा, डायरेक्टर लिटरेसी दीपक शर्मा, डायरेक्टर सर्विस प्रोजेक्ट शशांक जैन, क्लब बुलेटिन एडिटर चंद्रेश नागर निर्वाचित हुए।

'सरकार रग्बी खेल को प्रोत्साहित करें'

जयपुर । राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ जयपुर द्वारा आयोजित 2022 की वार्षिक बैठक व चुनाव का आयोजन 28 दिसम्बर को बनीपार्क स्थित कार्यालय पर आयोजित हुआ। जिसमें राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के संबंधित सभी जिला रग्बी फुटबॉल संघ के पदाधिकारियो ने इस बैठक में भाग लिया। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के निर्वाचन अधिकारी गोविन्द पारीक, अतिरिक्त निदेशक पब्लिक रिलेशन राजस्थान सरकार ने बताया कि संघ के चुनाव निर्विरोध हुआ जिसमें पं. सुरेश मिश्रा को अध्यक्ष, कुलदीप सिंह राजावत को सचिव, जितेश कुमार को कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के पद पर अजीत सिंह कल्याणवत, रविन्द्र सिंह राजावत, गौरव कुमार, उपाध्यक्ष के पद पर दिनेश शर्मा, आशीष पाराशर, सत्येन्द्र सिंह राठौड निर्वाचित हुए। साथ में संघ के कार्यकारी सदस्य जितेन्द्र यादव, दशरथ सिंह, जितेंद्र सिंह शेखावत, सनवर खालवा, श्याम सिंह निर्वाचित हुई। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष जितेष कुमार, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव रविन्द्र सिंह और गौरव कुमार ने खेल को बेहतर बनाने की और खिलाड़ियों को तैयार करने का मंथन किया और इस खेल को राज्य, जिला, स्कूल और विश्वविद्यालय के खेतों में और अधिक प्रतिभागियों को भागीदारी निभाने का योजना बनाई गई। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि विश्व के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल के बाद सबसे ज्यादा देखे जाने वाला पावर का खेल रग्बी है, सरकार इसे प्रोत्साहन दे।

खटीक समाज की कार्यकारिणी गठित

जयपुर । ग़जस्थान खटीक समाज महासमिति, जयपुर की आमसभा और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री के सलाहकार दूदू विधायक बाबूलाल नागर, सांसद मनोज राजोरिया अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से खटीक समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। इस मौके पर राजस्थान खटीक समाज महासमिति जयपुर कार्यकारिणी के चुनाव भी हुए। निर्विरोध रूप से भगवान सहाय परिडवाल अध्यक्ष, उमेश नरानियां उपाध्यक्ष, राजेश नागौरा मंत्री, कमल पहाडिया कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। विकास नागर, विजेन्द्र परेवा, राजेश चावला, हनुमान सहाय दायमा, ब्रजेश असवाल, कांतिलाल चंदेल, नाथू सिंह किराड कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

देशी कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ा

जयपुर । रामनगरिया थाना पुलिस ने वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) डॉ.राजीव पचान ने बताया कि आरोपी गणेश उर्फ डेमो (22) निवासी प्रताप नगर को पंचर चौराहा जगतपुरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वह हथियार कहां से खरीदकर लाया, इसके बारे में पूछताछ कर रहे हैं।

गायत्री महायज्ञ में 21 ने ली गुरू दीक्षा

जयपुर । गायत्री परिवार जयपुर की ओर से दिल्ली रोड के हीरामन बाबा के मंदिर में बुधवार को दो दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इस मौके पर 21 दीक्षा संस्कार और एक पुंसवन संस्कार भी कराया गया। यज्ञ में ग्रामवासियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लेते हुए यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामबाबू सिंघल और अशोक गोयल ने किया। स्थानीय कार्यकर्ता नारायण यादव, कैलाश यादव, हंसराज यादव, बल्लूराम कुम्हार ने यज्ञ आयोजन में सराहनीय सहयोग किया।